उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 22.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 22.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।










महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक:– 22.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 22.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 22.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला का आकस्मिक निरीक्षण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने व लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

दिनांक 21.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना खरेला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की समस्त व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, कार्यालयीय कार्यप्रणाली, मालखाना, हवालात, बैरक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रख-रखाव की गुणवत्ता की जांच करते हुए महत्वपूर्ण रजिस्टरों एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मालखाना प्रबंधन के संबंध में अभिलेखों एवं रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण कर पारदर्शिता एवं सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी गश्त बढ़ाने, संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतत निगरानी रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध नियंत्रण हेतु सक्रिय एवं परिणामपरक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

फरियादियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित करते हुए कहा गया कि थाना स्तर पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन के साथ संवाद एवं व्यवहार शालीन एवं संवेदनशील रखा जाए।

इसके अतिरिक्त थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए विवेचनाओं को गुण-दोष के आधार पर शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। विवेचनाओं में अनावश्यक विलंब पर जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्हें कार्यों में और अधिक दक्षता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।






## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, एएसपी व एडीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का विस्तृत निरीक्षण

आज दिनांक 22.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा जनपद महोबा में आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ एवं कार्यशील शौचालय, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश एवं निकास द्वारों की निगरानी व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की स्थिति का गहनता से जायजा लिया।

अधिकारियों द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर समय से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, भीड़भाड़ या अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न होने पाए।

इसके अतिरिक्त, अधिकारियों ने परीक्षा के दौरान नकल विहीन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कड़े प्रबंध करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

अंत में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 22.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महोबकंठ श्री कन्हैयालाल द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 रामबाबू यादव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 32/2026 धारा 137(2)/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रविपाल पुत्र लालाराम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम सरसेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0 को ग्राम तेईया मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

इसी क्रम में उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2026 धारा 74/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.सुनील कुशवाहा पुत्र भगवत कुशवाहा उम्र 30 वर्ष 2.जयदीप पांचाल पुत्र मुकेश पांचाल उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम रावतपुराकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम रावतपुराकला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

**प्रथम पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 रामबाबू यादव
2.उ0नि0 रोहित कुमार 2.म0कां0 खुशबू

**द्वितीय पुलिस टीम-.**

1.उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी प्रभारी चौकी सौरा
2.हे0का0 अरूण कुमार सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.रविपाल पुत्र लालाराम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्रा0 सरसेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0

2.सुनील कुशवाहा पुत्र भगवत कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुराकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा

3.जयदीप पांचाल पुत्र मुकेश पांचाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुराकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा




